नृत्य से जीवंत हुई महिषासुर मर्दन की गाथा

क्लासिकल और सेमी-क्लासिकल प्रस्तुतियों ने बांधा समां, 450 विद्यार्थियों ने दीं 28 सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 25 अक्टूबर। 21वें आईटीएम उद्भव उत्सव इंटरनेशनल कल्चरल ओलंपियाड के दूसरे दिन आईटीएम यूनिवर्सिटी में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भारतीय पौराणिक कथाओं, आध्यात्मिक आस्था और अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक विविधता का अनूठा संगम देखने को मिला। विभिन्न कॉलेजों और संस्थानों के 450 विद्यार्थियों ने क्लासिकल और सेमी क्लासिकल नृत्य की 28 प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। किर्गिस्तान और उज्बेकिस्तान से आए कलाकारों ने भी अपनी सांस्कृतिक परंपराओं की झलक प्रस्तुत की। कहीं मां दुर्गा और मां काली की महिमा का बखान हुआ तो कहीं महिषासुर मर्दन की गाथा, भगवान शिव के तेज और श्रीकृष्ण की लीलाओं को नृत्य के माध्यम से जीवंत किया गया। पूरा सभागार तालियों और महाकाल के जयकारों से गूंज उठा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंगोलिया के राजदूत उलजीत लवसेनजात उपस्थित थे। अध्यक्षता हिमालयन कल्चर इंटरनेशनल स्कूल के अध्यक्ष डॉ. एलपी पोटसंग उपस्थित ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में आईटीएम यूनिवर्सिटी के डिप्टी रजिस्ट्रार अनिल माथुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उद्भव संस्था के अध्यक्ष डॉ केशव पाण्डेय, सचिव श्री दीपक तोमर मौजूद रहे। विद्यार्थियों की भावपूर्ण

प्रस्तुतियों, आकर्षक वेशभूषा और नृत्य की सजीव अभिव्यक्ति ने भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपरा को मंच पर उतारा। इस अवसर पर सभी परफॉर्मेंस के बाद संस्था के पदाधिकारियों और वरिष्ठ सदस्यों ने टीम के साथ मंच पर टीम लीडर आई टी एम उद्भव उत्सव की ओर से स्मृति चिन्ह भेट किए गए।

नृत्य में दिखे देवी के स्वरूप, शिव महिमा और कृष्ण की लीलाएं : डेली कॉलेज इंदौर के विद्यार्थियों ने नाट्य और नृत्य के माध्यम से मां दुर्गा और मां काली के विभिन्न स्वरूपों तथा उनकी महिमा का प्रदर्शन किया। वहीं, केडीबी पब्लिक स्कूल, गाजियाबाद के विद्यार्थियों ने रुद्राक्ष की उत्पत्ति और भगवान शिव की महिमा पर आधारित प्रस्तुति से दर्शकों को आकर्षित किया। प्रेलुद, आगरा के बच्चों ने गोविंद बोलो हरि गोपाल भजन पर भगवान विष्णु के विभिन्न अवतारों की गाथा प्रस्तुत की। नृत्यसंगम एमआईटीएस के विद्यार्थियों ने सतयुग, त्रेतायुग, द्वापर युग और कलियुग के विभिन्न पहलुओं को मंच पर साकार किया।

आज होंगे यह आयोजन : सोमवार को सुबह 9 बजे सोलो डांस की प्रस्तुति दी जाएगी। जबकि शाम 5 बजे फाइनल ग्रुप डांस का आयोजन किया जाएगा। कल के आयोजन में मुख्य अतिथि पूर्व नौसेना अध्यक्ष एडमिरल डी.के त्रिपाठी रहेंगे, अध्यक्षता सुप्रसिद्ध नृत्यांगना पद्मश्री डॉ नलनी डॉ कमलनी करेंगी। सभी ग्रुप को भेजा फाइनल राउंड में आज ग्रुपों द्वारा दी गई 28 परफॉर्मेंस की शानदार प्रस्तुतियां देखकर निर्णायक मंडल में प्रो देवयानी चटर्जी, श्रीमती अनु मिश्रा, वाणी माधव, बाल कृष्ण मराठ, धीरज कुमार पाण्डेय, लावण्या आप्टे भी दंग रह गए, जिससे प्रथम, द्वितीय का निर्णय करना कठिन हुआ जिसके चलते सभी ग्रुप को फाइनल राउंड में भेज दिया गया।

लोकनृत्यों में दिखी जनजातीय परंपरा और मां भवानी की भक्ति

कल्याणिका केंद्रीय शिक्षा निकेतन, अमरकंटक के विद्यार्थियों ने संबलपुरी लोकनृत्य के माध्यम से जनजातीय जीवनशैली और लोक संस्कृति की झलक दिखाई। वहीं, संस्कृति द गुरुकुल, गुवाहाटी के कलाकारों ने लोकनृत्य के जरिए क्षेत्रीय परंपराओं का चित्रण किया और मां भवानी की भक्ति एवं आराधना को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। डीपीएस ग्वालियर के विद्यार्थियों ने चंबल क्षेत्र में मां भवानी की भक्ति से जुड़ी लोक परंपरा लांगुरिया को 'मेरो खोय गयो बाजूबंद लंगुरियो मंदिर में' गीत पर प्रस्तुत कर समां बांध दिया। डेली कॉलेज इंदौर के विद्यार्थियों ने महाराष्ट्र में मां दुर्गा भवानी की आराधना की परंपरा को नृत्य के माध्यम से दर्शाया।

एमयूएन में रूस-यूक्रेन सहित अमेरिका व ईरान युद्ध से लेकर एआई तक पर चर्चा

उत्सव के अंतर्गत आयोजित उद्भव एमयूएन (मॉडल यूनाइटेड नेशंस) में भारत के विभिन्न राज्यों और विदेशों से आए विद्यार्थियों ने वैश्विक परिस्थितियों और अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों पर अपने विचार रखे। चर्चा के दौरान रूस-यूक्रेन युद्ध के साथ अमेरिका, ईरान, इजरायल और फिलिस्तीन से जुड़े संघर्षों जैसे महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर मंथन किया गया। विद्यार्थियों ने वैश्विक महामारी जैसी चुनौतियों से निपटने, अंतरराष्ट्रीय शांति बनाए रखने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दुरुपयोग को रोकने के उपायों पर भी सुझाव दिए।

एलिवेटेड रोड के निर्माण के भारी सामान लाने के लिए नदी में बनेगी सड़क

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 25 अक्टूबर। एलिवेटेड रोड बनाने के लिए लोनिवि विभाग को फिर से नदी के अंदर सड़क बनानी पड़ेगी। इसके लिए मिट्टी को हटाने का काम प्रारंभ कर दिया गया है। इसके साथ ही नदी गेट के पास पिलर बनाने के लिए गड्ढे करना शुरू कर दिए हैं। नदी के अंदर सड़क बनाने में लोनिवि विभाग को फिर से मशक्कत करनी पड़ रही है, क्योंकि बारिश के कारण बहकर आई मिट्टी नदी में जमा हुई है।

एलिवेटेड रोड के दूसरे चरण में विभाग को नदी गेट से काम प्रारंभ करना है। छप्परवाला पुल से लेकर तकरीबन हनुमान चौराहे के पास तक मकानों को हटाना है। इसके बाद यहां पर एलिवेटेड रोड का निर्माण कार्य प्रारंभ हो सकेगा। मकानों को हटाने के लिए नोटिस आदि जारी करने एवं निशान लगाने की प्रक्रिया विभाग पूरी कर चुका है। वहीं छप्परवाला पुल पर नगर निगम ने पिलर खड़े करने के लिए गड्ढों की खुदाई का कार्य प्रारंभ कर दिया है।

5-6 फीट तक भर गई मिट्टी

स्वर्णरेखा नदी में बारिश के कारण बहकर आई मिट्टी की गाद तकरीबन 6 फीट मोटाई तक जमी हुई है। जिसके कारण नदी के अंदर एलिवेटेड रोड निर्माण कार्य के लिए सामान लाने में परेशानी हो रही है। चूंकि एलिवेटेड रोड निर्माण में 200 टन वजनी स्लैब डाले जा रहे हैं, उन्हें भारी वाहन की मदद से साइट तक पहुंचाया जा रहा है। चूंकि मुख्य मार्गों पर भारी ट्रैफिक रहता है, इसलिए पीडब्ल्यूडी विभाग ने नदी के अंदर से कच्चा पहुंच मार्ग बनाया हुआ है। जहां से रात के समय वाहनों की मदद से सामान साइट पर पहुंचाया जा रहा है। चूंकि बारिश में बहकर आई मिट्टी के कारण पूर्व में डाली गई सड़क खत्म हो चुकी है, इसलिए अब फिर नए सिरे से सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

स्वच्छ एवं हरित परिसर बनाने का दिया संदेश

ग्वालियर, 25 अक्टूबर। माधव विधि महाविद्यालय, ग्वालियर में स्वच्छ एवं हरित परिसर की दिशा में पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं हरियाली के प्रति जागरूकता विकसित करना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। साथ ही, पौधों की नियमित देखभाल, परिसर में हरियाली बनाए रखने तथा स्वच्छ वातावरण के महत्व को समझा। विद्यार्थियों को पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और प्रदूषण को कम करने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने के प्रति प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को बताया गया कि पर्यावरण संरक्षण केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व भी है। पौधारोपण के साथ-साथ पौधों की उचित देखभाल करना भी आवश्यक है, ताकि वे विकसित होकर पर्यावरण को लाभ पहुंचा सकें। इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रकृति संरक्षण, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सतत विकास का संदेश दिया गया।

एमिटी में हुई प्री-रिपब्लिक डे परेड चयन प्रक्रिया

आठ जिलों के 85 एनएसएस स्वयंसेवकों ने परेड में शामिल होकर दिखाई अपनी प्रतिभा

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 25 अक्टूबर। एमिटी विश्वविद्यालय परिसर में जीवाजी विश्वविद्यालय स्तर की प्री-रिपब्लिक डे परेड हेतु स्वयंसेवकों के चयन की प्रक्रिया हुई। इस चयन प्रक्रिया में ग्वालियर सहित आठ जिलों से आए राष्ट्रीय सेवा योजना के कुल 85 स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वयंसेवकों ने परेड एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में अपनी शारीरिक दक्षता, अनुशासन, प्रतिभा और सांस्कृतिक कौशल का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक एवं उप सलाहकार, क्षेत्रीय निदेशालय, एनएसएस, मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़, डॉ. अशोक कुमार श्रोती, जीवाजी विश्वविद्यालय के एनएसएस नोडल समन्वयक डॉ. हरिशंकर कंसाना तथा ग्वालियर जिले के एनएसएस जिला समन्वयक प्रो. मनोज अवस्थी की गरिमामयी उपस्थिति रही। विभिन्न जिलों से आए स्वयंसेवकों के साथ उनके कार्यक्रम अधिकारी भी इस चयन प्रक्रिया में उपस्थित रहे।

चयन प्रक्रिया के अंतर्गत विश्वविद्यालय के खेल मैदान में रिपब्लिक डे परेड हेतु स्वयंसेवकों की शारीरिक दक्षता, अनुशासन, एकरूपता एवं समन्वय का आकलन किया गया। वहीं, सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए चयन प्रक्रिया ब्लॉक-सी स्थित सेमिनार हॉल में आयोजित की गई, जहाँ प्रतिभागियों ने अपनी कला, अभिव्यक्ति और सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में एमिटी विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर लेफ्टिनेंट जनरल वी. के. शर्मा (एवीएसएम), कुलगुरु प्रो. (डॉ.) आर. एस. तोमर, निदेशक प्रशासन कर्नल राजबीर सिंह तथा कुलसचिव भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समन्वयन विश्वविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. रचना कथल एवं डॉ. मनीष दुबे ने किया। एमिटी विश्वविद्यालय के वरिष्ठ एनएसएस स्वयंसेवकों राज यादव, हितेश धाकड़ एवं सुश्री नैना ने 20 एनएसएस स्वयंसेवकों की टीम के साथ मिलकर संपूर्ण कार्यक्रम के सुचारु एवं सुव्यवस्थित संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अग्रवाल सम्मेलन में 230 परिवारों ने दिए परिचय

अशोक शर्मा बोले- सेवा कार्यों में अग्रवाल समाज की अहम भूमिका

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 25 अक्टूबर। फूलबाग स्थित मानस भवन में अग्रवाल परिचय सम्मेलन का 142वां आयोजन हुआ। इसमें 230 परिवारों ने शामिल होकर वैवाहिक रिश्तों के लिए परिचय साझा किए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साडा अध्यक्ष अशोक शर्मा ने कहा कि अग्रवाल समाज ने देशभर में अस्पताल और धर्मशालाएं बनाकर सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। युवक-युवती परिचय सम्मेलन परिवारों को जोड़ने का पुनीत कार्य है। उन्होंने कहा कि राजेश ऐरन अग्रसेन महाराज के बताए मार्ग पर चलते हुए समाजसेवा कर रहे हैं। मध्यप्रदेश कांग्रेस के महामंत्री सुनील शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय जैन और युवा भाजपा कोषाध्यक्ष अंकित बंसल भी मौजूद रहे। विनय जैन ने सम्मेलन को सामाजिक एकता का प्रयास बताया, जबकि अंकित बंसल ने कहा कि ग्वालियर से शुरू हुई इस पहल के माध्यम से देशभर में अनेक परिवार जुड़े हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश ऐरन ने की। मंच संचालन नीलम शाह, ज्योति अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, पदमा अग्रवाल, मीरा अग्रवाल, मुकेश सिंघल और अनिल गर्ग ने किया। इस अवसर पर दिनेश बंसल, मोनू गोयल, विनोद अग्रवाल, बृजमोहन अग्रवाल, राधाकृष्ण अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, गोपाल जैन सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।

एम्स में भर्ती घायलों से मुलाकात करने पहुंचे पूर्व विधायक गोयल

ग्वालियर, 25 अक्टूबर। शीतला माता मंदिर में हुए दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में घायल हुए शैलेन्द्र तोमर (18 वर्ष), कु. कल्पना (19 वर्ष) एवं संजय शर्मा (50 वर्ष) को बेहतर उपचार हेतु भोपाल एम्स रेफर किया गया है।

ग्वालियर के पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल ने भोपाल एम्स पहुंचकर घायलों एवं उनके पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। साथ ही अस्पताल प्रबंधन से चर्चा कर घायलों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के संबंध में जानकारी ली। इस कठिन समय में पीड़ित परिवारों के साथ खड़े होकर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए गोयल ने ईश्वर से प्रार्थना की कि सभी घायल जल्द स्वस्थ होकर अपने परिवार के बीच लौटें और उनके जीवन में पुनः खुशियां लौट आएं।

कराटे चैंपियनशिप में 600 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

ग्वालियर, 25 सितंबर। एलएनआईपीई मल्टीपर्पज हॉल में रविवार को 10वीं वॉरियर ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप-2026 आयोजित हुई। प्रतियोगिता में 15 राज्यों के करीब 600 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि साडा अध्यक्ष अशोक शर्मा ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। कराटे डो डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (केडीओ) ने कराटे डो डेवलपमेंट सोसाइटी के तत्वावधान में प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसका उद्देश्य खिलाड़ियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, शारीरिक क्षमता और खेल भावना को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष जयदेव शर्मा, डॉ. श्रीनिवास शर्मा, बीना शर्मा, पारितोष शर्मा, नीतू शर्मा, मंजू गौर, जयदीप और डॉ. अनिरुद्ध सिसोदिया सहित अन्य पदाधिकारी व गणमान्यजन उपस्थित रहे।

30 नवंबर से गूंजेगी श्रीमद् भागवत कथा, अनिरुद्धाचार्य करेंगे कथा वाचन

तैयारियों को लेकर जीवाजी क्लब में आयोजन समिति की बृहद बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 25 अक्टूबर। शहर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था 'जन उत्थान न्यास' द्वारा ग्वालियर में आगामी नवंबर माह में भव्य एवं दिव्य श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस विशाल धार्मिक अनुष्ठान में विख्यात कथावाचक श्रद्धेय अनिरूद्धाचार्य महाराज अपने मुखारविंद से श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराएंगे। यह कथा 30 नवंबर से 7 दिसंबर तक ऐतिहासिक फूलबाग मैदान पर आयोजित होगी। श्रीमद् भागवत कथा के भव्य आयोजन की रूपरेखा एवं व्यवस्थाओं को लेकर जन उत्थान न्यास द्वारा गठित मुख्य आयोजन समिति की एक बृहद बैठक जीवाजी क्लब में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से कथा के सूत्रधार एवं जन उत्थान न्यास के अध्यक्ष ओर विधायक डॉ. सतीश सिकरवार, महेश मुदगल, सुरेश कस्तवार 'दादा', डॉ. राम पाण्डे, संयुक्त सचिव अवधेश कौरव, अचलेश्वर न्यास पूर्व अध्यक्ष हरिदास अग्रवाल, समाजसेवी राजीव चड्ढा, सतेन्द्र सिंह भदौरिया 'गुरूजी', सुरेश नीखरा, डॉ. राकेश अग्रवाल, बबीता डाबर, बेताल सिंह, पुरुषोत्तम भार्गव ,अहिवरन सिंह,आदि मौजूद रहे।

बैठक में समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने कथा को सुव्यवस्थित, भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए अपने-अपने महत्वपूर्ण सुझाव रखे। बैठक में कथा स्थल की बैठक व्यवस्था, पेयजल, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा तथा शहरभर से आने वाले हजारों श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

आयोजन समिति के सदस्यों ने संकल्प व्यक्त किया कि श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन अत्यंत गरिमामय और ऐतिहासिक रूप से संपन्न कराया जाएगा, जिससे पूरे अंचल में धर्म और भक्ति की रसधारा प्रवाहित होगी।

19 समितियों का किया गठन : बैठक में आयोजन समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा कथा में व्यवस्था हेतु 19 समितियों का गठन कर सदस्यों को दायित्व सौंपे गये। आयोजन समिति द्वारा मंच व्यवस्था समिति, पाण्डाल समिति, प्रचार प्रसार समिति, पार्किंग समिति, विद्युत समिति, प्रसाद वितरण समिति, स्वच्छता समिति, परिवहन/यातायात समिति, पूजन समिति, पेयजल समिति, भोजन व्यवस्था समिति, आवास व्यवस्था समिति, स्वागत समिति, मीडिया समिति, कलश यात्रा समिति, प्रशासनिक समिति, कोष समिति, कथा कार्यालय समिति एवं पादुका समिति का गठन किया गया।

संबंध विच्छेद आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार राजेन्द्र सिंह पुत्र स्व: श्री भगवान सिंह निवासी शासकीय आवास, होटल सेन्टल पार्क के सामने, सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्राप्त जानकारी अनुसार, हमारे पक्षकार व उसकी पत्नि द्वारा अपने पुत्र हर्ष पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह एवं पुत्रवधु श्रीमती प्रीति पत्नि श्री हर्ष निवासी कमरा नम्बर-7, द्वितीय तल, एफ ब्लॉक, बिल्डिग नम्बर- 26, सेक्टर-24, गुरुग्राम, से उनके हमारे पक्षकार के साथ गलत आचरण व गलत समव्यवहार तथा समय-समय पर गलत गतिविधियों को किये जाने के कारण अपने हर किस्म के रिश्ते व सम्बंध विच्छेद कर सदा के लिए समाप्त कर दिये गये है। हर्ष व प्रीति को हमारे पक्षकार के परिवार से भी पृथक कर दिया गया है ओर उन्हें उनका समस्त सामान पूर्व में ही दिया जाकर उनके द्वारा पृथक निवास किया जा रहा है, हर्ष व प्रीति द्वारा किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था से किये जाने वाले लेनदेन व समव्यवहार के लिये समव्यवहारकर्ता आपस में व्यक्तिगत रूप से जवाबदार होकर जिम्मेदार होंगे, जिसमें हमारे पक्षकार की कोई जवाबदारी व जिम्मेदारी प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप में किसी भी प्रकार की नही होगी, जिसमें हमारे पक्षकार, उसकी पत्नि एवं अन्य पुत्र व पुत्री किसी भी तरह से जिम्मेदार नही होगी।

स्थान :- ग्वालियर दिनांक : 25.10.2026

समय सायं 7 से 8 बजे के मध्य

प्रेषक- राजेन्द्र सिंह

द्वारा : प्रतीक ब्रारू (एडवोकेट)

ब्रारू लीगल चेम्बर, एस.डी.एम. रोड, ग्वालियर 8319099780, 9301102829

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुधा सिकरवार पत्नी श्री आशीष सिंह ने एक अचल संपत्ति जिसका प्लॉट क्र. 29, खाटूश्याम कॉलोनी, ग्राम बामौरकलाँ तहसील बामौर एवं जिला मुरैना मध्यप्रदेश के सर्वे क्र. 355/1/2, 355/2 की होकर जिसकी चतुर्सीमा :- पूर्व में- रास्ता 25 फुट, पश्चिम में- प्लॉट क्र. 59, उत्तर में- प्लॉट क्र. 30, दक्षिण में- प्लॉट क्र. 28 व कुल क्षेत्रफल 600 वर्ग फुट है को क्रय करने का लिखतम विक्रय अनुबंध-पत्र संपत्ति मालिक श्रीमान हरभजन सिंह पुत्र श्री हरा सिंह जिसमें श्रीमान मचल सिंह पुत्र श्री श्रीपति की सहमति शामिल है, के साथ संपादित किया है। उक्त संपत्ति पूर्व में श्रीमान रामगोपाल शर्मा, बृजमोहन शर्मा पुत्रगण स्व. श्री रामदयाल शर्मा एवं श्रीमान मनोज कुमार शर्मा पुत्र श्री रामगोपाल शर्मा के स्वत्व, स्वामित्व व संयुक्त आधिपत्य की थी। तत्पश्चात श्रीमान रामगोपाल शर्मा, बृजमोहन शर्मा पुत्रगण स्व. श्री रामदयाल शर्मा एवं श्रीमान मनोज कुमार शर्मा पुत्र श्री रामगोपाल शर्मा द्वारा श्रीमान हरभजन सिंह पुत्र श्री हरा सिंह, अरविंद सिंह पुत्र श्री अमीर सिंह, गुरनीत सिंह पुत्र श्री गुरिन्द्र सिंह को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र विलेख सरल क्र. 6170 ग्रंथ क्र. 6412 व दिनांक 13.02.2007 से विक्रय की गई। तदानुसार उक्त संपत्ति के अंश भाग में से केवल श्रीमान हरभजन सिंह पुत्र श्री हरा सिंह द्वारा एवं श्रीमान मचल सिंह पुत्र श्री श्रीपति की सहमति के साथ रजिस्टर्ड विक्रय पत्र विलेख शीघ्र ही क्रेता के पक्ष में संपादित किया जाने वाला है। अत: उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय, बैंक या किसी अन्य उत्तराधिकारी का किसी पूर्ण या अंश भाग पर या किसी भी संस्था की कोई राशि अवशेष हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 (सात दिवस) की अवधि में विधिवत अपने दावे के समर्थन मे समस्त प्रप्तर सहित मेरे कार्यालय में संपर्क कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा वर्णित अवधि के अवसान उपरांत समस्त आपत्तियां इस सूचना प्रप्तर के समक्ष व्यर्थ, शून्य व प्रभावहीन होगी और उक्त संपत्ति पर प्रदत ऋण हेतु बंधककर्ता वित्तीय संस्थान का अधिकार सर्वोपरि होगा। कृपया सूचित हो। इति दिनांक 25.10.2026

प्रेषक- विशाल अग्रवाल (अधिवक्ता)

कार्यालय- 'मैसर्स श्री हीरानन्द लीगल कंसलटेंट' ग्राउंड फ्लोर 404, शिवा अपार्टमेंट, साइट नं.1, सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.) मो. 9826820987

अम्बेडकर भवन एवं टंकी निर्माण के लिए भूमिपूजन

जनता की मूलभूत समस्याओं का समाधान ही मेरी प्राथमिकता : विधायक डॉ. सिकरवार

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 25 अक्टूबर। ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र को विकसित और सुविधायुक्त बनाने की दिशा में रविवार को दो बड़े विकास कार्यों की शुरुआत हुई। क्षेत्रीय विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांगों को पूरा करते हुए वार्ड क्रमांक 22 में 50 लाख रुपये की लागत से बनने वाले डॉ. अम्बेडकर मांगलिक भवन सह पार्क और वार्ड क्रमांक 57 में 7 लाख लीटर क्षमता की विशाल पानी की टंकी के निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया।

पहला भूमिपूजन कार्यक्रम हरीपुरम कॉलोनी, न्यू सुरेश नगर (थाटीपुर) स्थित शासकीय भूमि पर आयोजित हुआ। यहाँ 50 लाख रुपये की निधि से डॉ. आंबेडकर मांगलिक भवन सह पार्क का निर्माण कराया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ. सतीश सिंह सिकरवार एवं वार्ड 22 के पार्षद प्रमोद खरे ने वैदिक मंत्रोच्चार

के बीच भूमिपूजन की औपचारिकताएं पूरी कीं। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा प्रत्येक नागरिक का जीवन सुगम और सम्मानजनक बनाना मेरा संकल्प है। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर बनने वाला यह मांगलिक भवन सर्वसमाज के सामाजिक, पारिवारिक और मांगलिक आयोजनों के लिए एक सर्वसुविधायुक्त केंद्र बनेगा।

विकास कार्यों की इसी कड़ी में दूसरा भूमिपूजन वार्ड क्रमांक 57 स्थित महाराणा प्रताप नगर में संपन्न हुआ। यहाँ विधायक डॉ. सतीश सिकरवार एवं एम.आई.सी सदस्य एवं पार्षद अवधेश कौरव ने 7 लाख लीटर क्षमता की विशाल पानी की टंकी के निर्माण कार्य की नींव रखी। इस टंकी के निर्माण से रानीपुरा, बीजासेन मोहल्ला, ओफो की बगिया तथा आसपास की घनी बस्तियों में वर्षों से चली आ रही कम दबाव और पानी की किल्लत की समस्या से स्थायी मुक्ति मिलेगी।

कार्यक्रम में एन.डी. मौर्य, देवेन्द्र सिंह राजोरिया, आर.जी. मिलन, सतीश कदम, बीरेंद्र शौर्य, विजय पिपरौलिया, आर.पी. खरे, रमाकांत सागर, प्रकाश खरे, फूल सिंह बमरोलिया, राहुल बौद्ध, आदिराम मौर्य, आर.पी. कतरोलिया, मनीराम कटोरिया, रमेश पंकज, श्यामलाल अर्गल, राहुल गिदोलिया, आर.के. गोयल, मलखान अर्गल, जय सिंह निगम, धारा सिंह, बलबीर मौर्य, सुनील कौशल, प्रशांत खरे आदि क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

सिक्योरिटी गार्ड ने किन्नरों से अभद्रता कर बंदूक से हमला किया

ग्वालियर, 25 अक्टूबर। वीर जैन छात्रावास के सामने ट्रॉमा सेंटर हॉस्पिटल के समीप एक सिक्योरिटी गार्ड ने किन्नरों से अभद्रता की, गन्दी गाली दी और मारपीट कर बंदूक से हमला किया। ग्वालियर ट्रॉमा सेंटर हॉस्पिटल के सामने किन्नरों की गाड़ी सिक्योरिटी वैन के आगे जा रही थी। वैन के सिक्योरिटी गार्ड ने गाड़ी से बाहर निकल कर किन्नरों से बदसलूकी की और गन्दी गाली दी, मारपीट की। काजल नाम के किन्नर ने बीच बचाव किया तो उस पर भी हमला कर दिया। किन्नरों ने बचाव में पत्थर भी उठा लिया पर कुछ सोच समझ कर किन्नर रुक गए। मामला अभी पुलिस में नहीं पहुंचा है।

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी **संपत्ति क्षेत्र 03 वार्ड क्रं 07, स्थान ब्लॉक-जी, अचलेश्वर इन्कलेव, जगनापुरा ग्वा0** मे स्थित है जो कि **जीतेन्द्र सिंह भदौरिया/स्व. राजपाल सिंह भदौरिया, मोहित/बनवारीलाल अग्रवाल, अभिषेक/राजीव शुक्ला, राजकुमार अरोरा/सतराम दास चुघ** नाम से नगर निगम मे आई डी क्रं 2000010331 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1201 **वर्गफुट** है। उक्त संपति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड **विक्रय पत्र क्रं आर-13102601821929 दिनांक 14.10.2026** द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र **लूटपुरा, क्षे. क्रं 03,** पर **दिनांक** को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं प्र. ....3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्ति युक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-

हेमंत रणदिवे/द्वारका नाथ,हिना रणदिवे/हेमंत रणदिवे

पता-अचलेश्वर इन्कलेव,जगनापुरा ग्वा0 (म.प्र.)

विज्ञप्ति जारी दिनांक-25.10.2026

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी **संपत्ति क्षेत्र 23 वार्ड क्रं 63, स्थान प्लाट-9 ए, बालाजी अमृतेश्वर धाम मालनपुर ग्वा0** मे स्थित है जो कि **फ्रूटमार्केट ट्रेडर्स ग्रहनिर्माण सहकारी संस्था मर्यादित ग्वालियर द्वारा अधिकृत मनोहर लाल भल्ला** नाम से नगर निगम मे आई डी क्रं 9000398201 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 541 **वर्गफुट** है। उक्त संपति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड **विक्रय पत्र क्रं** एमपी142602023ए12658753 **दिनांक** 13.12.2023 द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र **पुरानी छावनी, क्षे. क्रं 23,** पर **दिनांक** को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं प्र. ....3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्ति युक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-

गंगाधर चौरसिया/सरमन चौरसिया

पता-बालाजी अमृतेश्वर धाम मालनपुर ग्वा0 (म.प्र.)

विज्ञप्ति जारी दिनांक-25.10.2026

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी **संपत्ति क्षेत्र 23 वार्ड क्रं 63, स्थान प्लाट-9 बी, बालाजी अमृतेश्वर धाम मालनपुर ग्वा0** मे स्थित है जो कि **फ्रूटमार्केट ट्रेडर्स ग्रहनिर्माण सहकारी संस्था मर्यादित ग्वालियर द्वारा अधिकृत मनोहर लाल भल्ला** नाम से नगर निगम मे आई डी क्रं 9000398200 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1082 **वर्गफुट** है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड **विक्रय पत्र क्रं** एमपी142602023ए12658737 **दिनांक** 13.12.2023 द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र **पुरानी छावनी, क्षे. क्रं 23,** पर **दिनांक** को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं प्र. ....3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्ति युक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-

धर्मेन्द्र चौरसिया,नन्दलाल चौरसिया /सरमनलाल चौरसिया

पता-बालाजी अमृतेश्वर धाम मालनपुर ग्वा0 (म.प्र.)

विज्ञप्ति जारी दिनांक-25.10.2026